# श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन (SKPF) एवं WINCOMPETE- संयुक्त टेस्ट सीरीज - 2026

**समय: 2:00 घण्टे |** **| अधिकतम अंक: 300**

## विषय: मध्यकालीन भारत का इतिहास

## टेस्ट संख्या: [06]

---

**अभ्यर्थी का नाम:** ________________________________

**अनुक्रमांक (Roll No.):** ________________________________

**परीक्षा केंद्र** ________________________________

**हस्ताक्षर अभ्यर्थी:** ________________________________

**हस्ताक्षर वीक्षक:** ________________________________

---

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न** हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार विकल्प (A, B, C, D,E)** दिए गए हैं।
2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए **3 अंक** निर्धारित हैं।
3. **नकारात्मक अंकन (Negative Marking):** प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **1 अंक** काटा जाएगा।
4. OMR उत्तर पत्रक में **पाँच विकल्प (A, B, C, D, E)**में एक का अंकन करना हैं। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो अनिवार्य रूप से **विकल्प 'E'** को अंकित करें।
5. यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न को हल नहीं करता है और विकल्प 'E' को भी अंकित नहीं करता है, तो उस प्रश्न के लिए भी **1/3 भाग (1 अंक) काटा जाएगा**। (नवीनतम RPSC नियम)
6. कच्चे कार्य (Rough work) के लिए स्थान इस पुस्तिका के अंत में दिया गया है।
7. अपने रोल नम्बर और अन्य विवरण केवल निर्धारित स्थान पर ही लिखें।

# टेस्ट 05: मध्यकालीन भारत का इतिहास

**प्रश्न 1:** इल्तुतमिश के शासनकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उसने दिल्ली सल्तनत की मुद्रा प्रणाली को मानकीकृत करते हुए चांदी का 'टंका' और तांबे का 'जीतल' प्रचलित किया।
2. उसने 1229 ई. में बगदाद के खलीफा से 'खिलात' प्राप्त कर सल्तनत को कानूनी रूप से एक संप्रभु राज्य का दर्जा दिलाया।
3. उसने सामंती व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 'इक्ता' प्रणाली को समाप्त कर दिया।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य** है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 2: अभिकथन (A):** बलबन ने अपने दरबार में ईरानी परंपराओं जैसे सिजदा और पाबोस को अनिवार्य रूप से लागू किया।

**कारण (R):** वह दिल्ली सल्तनत की सीमा का विस्तार मंगोल क्षेत्रों तक करने के लिए एक आक्रामक सैन्य अभियान की योजना बना रहा था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 3:** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

**सूची-I (प्रशासनिक पद/शब्द)**

a. आरिज-ए-मुमालिक

b. बरीत

c. फवाजिल

d. तुर्कान-ए-चहलगानी

**सूची-II (विवरण/संस्थापक)**

1. गुप्तचर अधिकारी
2. अधिशेष राजस्व
3. इल्तुतमिश द्वारा गठित समूह
4. बलबन द्वारा पृथक विभाग का प्रमुख

कूट:

a b c d

A) 4 1 2 3

B) 3 2 1 4

C) 4 2 1 3

D) 1 4 3 2

**प्रश्न 4:** बलबन की नीतियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) उसने सैन्य विभाग (दीवान-ए-आरिज) को वित्त विभाग से अलग कर पुनर्गठित किया।

B) उसने मंगोलों के विरुद्ध 'विस्तारवादी' नीति अपनाते हुए सीमा पार आक्रमण किये।

C) उसने दरबार में ईरानी परंपराओं जैसे 'सिजदा' और 'पाबोस' को अनिवार्य किया।

D) उसने एक अत्यंत कुशल गुप्तचर प्रणाली (बरीद-ए-मुमालिक) स्थापित की।

**प्रश्न 5:** अलाउद्दीन खिलजी के सैन्य सुधारों के संबंध में निम्नलिखित **कथनों** पर विचार कीजिये:

1. अलाउद्दीन खिलजी ने सैनिकों को वेतन के बदले 'इक्ता' देने की प्रथा को और अधिक मजबूती प्रदान की।
2. उसने भ्रष्टाचार रोकने के लिए घोड़ों को दागने और सैनिकों का 'चेहरा' दर्ज करने की पद्धति अपनाई।

wincompete

3. उसने पहली बार सैन्य विभाग (दीवान-ए-आरिज) को वित्त विभाग से पूर्णतः स्वतंत्र किया।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 2
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 6: अभिकथन (A):** अलाउद्दीन खिलजी ने दिल्ली में एक कठोर बाजार नियंत्रण नीति लागू की और सभी वस्तुओं के मूल्य निर्धारित कर दिए।

**कारण (R):** उसका प्राथमिक उद्देश्य अपनी प्रजा को सस्ता अनाज उपलब्ध कराकर लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही उत्तर** चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 7: कथन:** अलाउद्दीन खिलजी ने भू-राजस्व निर्धारण के लिए भूमि की पैमाइश (मसाहत) को आधार बनाया और उपज का 50% खराज के रूप में निर्धारित किया।

**निष्कर्ष 1:** इस नीति ने खुद, मुकद्दम और चौधरी जैसे ग्रामीण मध्यस्थों के विशेषाधिकारों को काफी हद तक कम कर दिया।

**निष्कर्ष 2:** अलाउद्दीन के राजस्व सुधारों का मुख्य लक्ष्य किसानों की आय को दोगुना करना था।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 8: सूची-I (बाजार अधिकारी)** को **सूची-II (कार्य)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (बाजार अधिकारी)**

a. शहना-ए-मंडी

b. परवाना रईस

c. बरीत

d. मुनहियान

**सूची-II (कार्य)**

1. बाजार का गुप्तचर निरीक्षक
2. सुल्तान का निजी जासूस
3. अनाज बाजार का अधीक्षक
4. परमिट जारी करने वाला अधिकारी

कूट:

a b c d

A) 3 4 2 1

B) 3 4 1 2

C) 4 3 1 2

D) 1 2 3 4

**प्रश्न 9:** मुहम्मद बिन तुगलक की योजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उसने दोआब में कर वृद्धि उस समय की जब वहां अकाल और प्लेग जैसी स्थितियां थीं।
2. उसकी सांकेतिक मुद्रा का प्रयोग इसलिए विफल रहा क्योंकि वह विदेशी व्यापार में चांदी के प्रवाह को रोक नहीं सका।
3. उसने कृषि सुधारों के लिए 'दीवान-ए-अमीर-कोही' नामक एक नए विभाग की स्थापना की।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2

B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 10: अभिकथन (A):** फिरोज शाह तुगलक ने सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए नहरों का एक व्यापक जाल बिछाया और 'हक-ए-शर्ब' नामक कर लगाया।

**कारण (R):** वह पहला सुल्तान था जिसने ब्राह्मणों पर भी जजिया कर आरोपित किया और इसे सख्ती से वसूला।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 11:** फिरोज शाह तुगलक द्वारा स्थापित लोक कल्याणकारी विभागों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत** है?

A) दीवान-ए-खैरात: निर्धन मुस्लिम लड़कियों के विवाह हेतु सहायता

B) दार-उल-शफा: निःशुल्क चिकित्सालय (खैराती अस्पताल)

C) दीवान-ए-बंदगान: दासों की देखभाल और प्रबंधन हेतु विभाग

D) दीवान-ए-इस्तिहाक: कृषि ऋण (सोनधर) प्रदान करने वाला विभाग

**प्रश्न 12: कथन:** फिरोज शाह तुगलक ने सैन्य पदों को वंशानुगत बना दिया और सैनिकों को जागीर (वजह) के माध्यम से भुगतान किया।

**निष्कर्ष 1:** इस नीति ने सल्तनत की केंद्रीय सैन्य शक्ति को संस्थागत रूप से कमजोर कर दिया।

**निष्कर्ष 2:** इस नीति के परिणाम स्वरूप दिल्ली सल्तनत के भौगोलिक विस्तार में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 13:** लोदी वंश के राजत्व सिद्धांत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बहलोल लोदी का राजत्व सिद्धांत अफगान सरदारों के साथ समानता और बंधुत्व पर आधारित था, जिसे 'मसनद-ए-आली' की उपाधि से समझा जा सकता है।
2. सिकंदर लोदी ने बहलोल की नीति जारी रखते हुए सरदारों के साथ कालीन पर बैठना पसंद किया और केंद्रीय नियंत्रण ढीला रखा।
3. इब्राहिम लोदी ने सुल्तान की निरंकुश सत्ता स्थापित करने का प्रयास किया, जिसका अफगान अमीरों ने कड़ा विरोध किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1
B) केवल 1 और 3
C) केवल 2 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 14: अभिकथन (A):** सिकंदर लोदी ने 1504 ई. में आगरा नगर की स्थापना की और इसे अपनी राजधानी बनाया।

**कारण (R):** वह जौनपुर के शर्की शासकों को पराजित करने के लिए वहां एक सैन्य छावनी स्थापित करना चाहता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

wincompete

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 15: सूची-I (घटना/शब्दावली)** को **सूची-II (संबंधित विवरण)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (घटना/शब्दावली)**

a. खातौली का युद्ध

b. गज-ए-सिकंदरी

c. गुलरुखी

d. पानीपत का प्रथम युद्ध

**सूची-II (संबंधित विवरण)**

1. सिकंदर लोदी का साहित्यिक उपनाम
2. भूमि मापन की मानक इकाई
3. इब्राहिम लोदी और राणा सांगा के मध्य संघर्ष
4. अफगान सत्ता का अंत और मुगल वंश की स्थापना

कूट:

a b c d

A) 3 1 2 4

B) 2 3 4 1

C) 3 2 1 4

D) 4 2 1 3

**प्रश्न 16:** लोदी कालीन स्थापत्य कला के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) इस काल को स्थापत्य के क्षेत्र में 'मकबरों का युग' (Age of Tombs) कहा जाता है।

B) लोदी इमारतों की मुख्य विशेषता 'दोहरा गुंबद' (Double Dome) प्रणाली का प्रयोग है।

C) इस काल में अष्टकोणीय मकबरों के निर्माण की शैली लोकप्रिय हुई।

D) लोदी सुल्तानों ने विशाल मस्जिदों के निर्माण पर अधिक ध्यान दिया, जैसे कि कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद।

**प्रश्न 17:** सल्तनत कालीन केंद्रीय प्रशासन के विभागों (दीवान) के संबंध में निम्नलिखित **कथनों** पर विचार कीजिये:

1. दीवान-ए-वजारत का प्रमुख वजीर होता था, जो मुख्य रूप से राजस्व प्रशासन की देखरेख करता था।
2. दीवान-ए-आरिज की स्थापना बलबन ने एक पृथक सैन्य विभाग के रूप में की थी।
3. दीवान-ए-इंशा शाही पत्राचार और फरमानों का प्रारूप तैयार करने वाला विभाग था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 18: अभिकथन (A):** फिरोज शाह तुगलक के शासनकाल में इक्ता प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए और यह वंशानुगत हो गई।

**कारण (R):** इल्तुतमिश द्वारा स्थापित इक्ता प्रणाली का मूल उद्देश्य सामंती व्यवस्था को मजबूत करना और केंद्रीय नियंत्रण को कम करना था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 19: सूची-I (राजस्व शब्दावली)** को **सूची-II (अर्थ)** से सुमेलित कीजिये:

wincompete

**सूची-I (राजस्व शब्दावली)**

a. खराज

b. खम्स

c. जकात

d. उश्र

**सूची-II (अर्थ)**

1. मुसलमानों से लिया जाने वाला धार्मिक संपत्ति कर
2. युद्ध में लूटा गया माल
3. मुसलमानों से लिया जाने वाला भूमि कर
4. गैर-मुसलमानों से लिया जाने वाला भूमि कर

कूट:

a b c d

A)2 4 1 3

B) 3 1 2 4

C) 4 1 2 3

D) 4 2 1 3

**प्रश्न 20:** सल्तनत कालीन स्थानीय और ग्रामीण प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) प्रांतों को 14वीं शताब्दी में 'शिक्कों' (जिलों) में विभाजित किया गया था, जिसका प्रमुख अधिकारी 'शिक्कदार' होता था।

B) सल्तनत काल में 'बलाहार' का तात्पर्य उन धनी व्यापारियों से था जो सुल्तान को ऋण देते थे।

C) 'मुकद्दम' और 'खुत' ग्रामीण स्तर के वंशानुगत अधिकारी थे जो राजस्व वसूली में सहायता करते थे।

D) 'पटवारी' गाँव के राजस्व लेखा-जोखा रखने वाला वंशानुगत अधिकारी था।

**प्रश्न 21:** विजयनगर के शहरी नियोजन और किलेबंदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फारसी राजदूत अब्दुर रज्जाक के अनुसार, विजयनगर सात दीवारों से घिरा था, जिसमें कृषि क्षेत्र और जंगल भी शामिल थे।
2. किले की दीवारों के निर्माण में चूने और गारे के लेप का अत्यधिक प्रयोग किया गया था ताकि अभेद्य मजबूती बनी रहे।
3. शहर के 'राजकीय केंद्र' में स्थित 'महानवमी डिब्बा' एक विशाल मंच था जिसका उपयोग केवल सैन्य परेड के लिए होता था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1
B) केवल 1 और 2
C) केवल 2 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 22: अभिकथन (A):** विजयनगर के शासकों ने मंदिरों के प्रवेश द्वार पर अत्यंत भव्य 'रायगोपुरम' का निर्माण करवाया।

**कारण (R):** विजयनगर साम्राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घोड़ों के अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पुर्तगाली सहयोग पर टिकी थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 23:** विट्ठल स्वामी मंदिर की स्थापत्य विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) इस मंदिर का निर्माण कार्य मुख्य रूप से तुलुव वंशीय शासक कृष्णदेव राय के शासनकाल में प्रारंभ हुआ था।

wincompete

B) मंदिर के मुख्य मण्डप में स्थित 56 संगीत स्तंभों को ठोस चंदन की लकड़ी से बनाया गया है ताकि मधुर ध्वनि निकल सके।

C) मंदिर प्रांगण में स्थित प्रसिद्ध 'पत्थर का रथ' वास्तव में भगवान विष्णु के वाहन 'गरुड़' को समर्पित एक लघु मंदिर है।

D) वर्तमान में भारतीय मुद्रा के 50 रुपये के नोट पर हम्पी के इसी पत्थर के रथ का चित्र अंकित है।

**प्रश्न 24: सूची-I (विजयनगर की संरचनाएं)** को **सूची-II (विशेषता/प्रभाव)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (विजयनगर की संरचनाएं)**

a. लोटस महल

b. हजार राम मंदिर

c. गजशाला

d. विरुपाक्ष मंदिर

**सूची-II (विशेषता/प्रभाव)**

1. शाही परिवार का निजी मंदिर और रामायण प्रसंगों का अंकन
2. इंडो-इस्लामिक शैली का प्रभाव और गुंबददार संरचना
3. कमल की आकृति और हिंदू-मुस्लिम स्थापत्य का समन्वय
4. विजयनगर के कुलदेवता को समर्पित सबसे प्राचीन मंदिर

कूट:

a b c d

A) 3 1 2 4

B) 2 3 4 1

C) 3 2 1 4

D) 4 1 2 3

**प्रश्न 25:** कृष्णदेव राय के साहित्यिक योगदान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने तेलुगु भाषा में 'अमुक्तमाल्यद' नामक ग्रंथ की रचना की, जो मुख्य रूप से प्रशासनिक सिद्धांतों पर आधारित है।
2. उनके दरबार में 'अष्टदिग्गज' के नाम से प्रसिद्ध आठ कवियों का समूह रहता था, जिन्होंने फारसी साहित्य का तेलुगु में अनुवाद किया।
3. उन्होंने संस्कृत भाषा में 'जाम्बवती कल्याणम' नामक नाटक की रचना की थी।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 26: अभिकथन (A):** विजयनगर साम्राज्य के दौरान स्थानीय भाषाओं (तेलुगु, कन्नड़, तमिल) के साथ-साथ संस्कृत साहित्य का भी अभूतपूर्व विकास हुआ।

**कारण (R):** विजयनगर के शासकों ने धर्मनिरपेक्षता की नीति अपनाते हुए केवल दक्कनी फारसी साहित्य को राजकीय संरक्षण प्रदान किया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 27: कथन:** कृष्णदेव राय के शासनकाल को 'तेलुगु साहित्य का स्वर्ण युग' माना जाता है और उन्हें 'आंध्र भोज' की उपाधि दी गई थी।

**निष्कर्ष 1:** कृष्णदेव राय स्वयं एक उच्च कोटि के विद्वान थे और उनके समय में साहित्य केवल दरबारी न रहकर जनभाषा के करीब आया।

**निष्कर्ष 2:** कृष्णदेव राय के शासनकाल के तुरंत बाद विजयनगर में साहित्य का विकास पूर्णतः रुक गया था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 28:** विजयनगर की साहित्यिक उपलब्धियों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत है?**

A) मनुचरितम - अल्लासानी पेद्दन

B) पारिजात अपहरणम - नंदी तिम्मन

C) पांडुरंग महात्म्यम - तेनालीराम रामकृष्ण

D) राजकालनिर्णय - कृष्णदेव राय

**प्रश्न 29:** विजयनगर आए विदेशी यात्रियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इतालवी यात्री निकोलो कोंटी ने देवराय प्रथम के समय विजयनगर में सती प्रथा और दीपावली जैसे त्योहारों का वर्णन किया।
2. पुर्तगाली यात्री डोमिंगो पायस ने कृष्णदेव राय के व्यक्तित्व को 'मझला कद, गोरा रंग और अच्छी काठी' वाला बताया।
3. फर्नाओ नुनिज एक घोड़ा व्यापारी था जो अच्युतदेव राय के काल में आया और उसने महिलाओं की विविध भूमिकाओं का उल्लेख किया।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 30: अभिकथन (A):** विजयनगर साम्राज्य में महिलाओं को प्रशासन और युद्ध कौशल (जैसे अंगरक्षक और कुश्ती) में सक्रिय रूप से प्रशिक्षित किया जाता था।

**कारण (R):** पुर्तगाली यात्री निकोलो कोंटी के अनुसार, विजयनगर के बाजारों में हीरे-जवाहरात अनाज की तरह खुलेआम बिकते थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 31: सूची-I (यात्री)** को **सूची-II (शासक/काल)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (यात्री)**

a. निकोलो कोंटी

b. अब्दुर रज्जाक

c. डोमिंगो पायस

d. फर्नाओ नुनिज

**सूची-II (शासक/काल)**

1. देवराय द्वितीय (1442-43)
2. देवराय प्रथम (1420-21)
3. अच्युतदेव राय (1535-37)
4. कृष्णदेव राय (1520-22)

कूट:

a b c d

A) 1 2 4 3

B) 2 1 4 3

C) 2 1 3 4

D) 3 4 1 2

wincompete

**प्रश्न 32:** विजयनगर की सामाजिक संरचना और रीति-रिवाजों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) समाज में 'वीर पांचाल' शब्द का प्रयोग उन शिल्पकारों के लिए होता था जिनमें लोहार, सुनार और बढ़ई शामिल थे।

B) विजयनगर में दास प्रथा का प्रचलन था जिसे 'बेसवग्गा' कहा जाता था, और मनुष्यों का क्रय-विक्रय सामान्य था।

C) विजयनगर के ब्राह्मण केवल धार्मिक कार्यों तक सीमित थे और उन्हें सैन्य सेवा में भाग लेने से पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया था।

D) देवदासी प्रथा समाज का एक अभिन्न अंग थी और इन महिलाओं को संपत्ति रखने का वैधानिक अधिकार प्राप्त था।

**प्रश्न 33:** बहमनी साम्राज्य और महमूद गवाँ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महमूद गवाँ ने बहमनी साम्राज्य में प्रशासनिक सुधारों के तहत प्रांतों (तरफों) की संख्या चार से बढ़ाकर आठ कर दी थी।
2. उसने बीदर में एक विशाल तीन मंजिला मदरसे की स्थापना की, जो फारसी स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट नमूना है।
3. महमूद गवाँ ने अपनी शक्ति को सुरक्षित करने के लिए सुल्तान की हत्या कर स्वयं को 'बहमनी शाह' घोषित किया था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 34: अभिकथन (A):** बहमनी साम्राज्य का अंततः पांच स्वतंत्र सुल्तानों (बीजापुर, गोलकुंडा, अहमदनगर, बरार और बीदर) में विभाजन हो गया।

**कारण (R):** महमूद गवाँ की हत्या के बाद बहमनी दरबार में 'अफाकी' (विदेशी) और 'दक्कनी' अमीरों के मध्य संघर्ष तीव्र हो गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 35: कथन:** बहमनी साम्राज्य की वास्तुकला में इंडो-इस्लामिक शैली के साथ-साथ फारसी प्रभाव अधिक प्रबल दिखाई देता है।

**निष्कर्ष 1:** बीदर का मदरसा और गुलबर्गा की जामा मस्जिद फारसी इंजीनियरिंग और भारतीय कला के समन्वय के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

**निष्कर्ष 2:** बहमनी शासकों ने स्थानीय चालुक्य शैली के मंदिरों को सुरक्षित रखकर केवल मस्जिदों की दीवारों पर वेदों के मंत्र लिखवाए थे।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 36:** बहमनी प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत** है?

A) वजीर-ए-कुल - प्रधानमंत्री

B) अमीर-ए-जुमला - वित्त विभाग का प्रमुख

C) वजीर-ए-अशराफ - सैन्य विभाग का प्रमुख

D) तरफदार - प्रांतीय गवर्नर

**प्रश्न 37:** विजयनगर की आर्थिक स्थिति और व्यापार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

wincompete

1. विजयनगर के शासक घोड़ों के आयात के लिए मुख्य रूप से पुर्तगालियों और अरबों पर निर्भर थे।
2. सिंचाई के लिए उन्होंने तुंगभद्रा नदी पर नहरें (जैसे हिरिया नहर) और जलाशयों (कमलापुर टैंक) का निर्माण करवाया।
3. 'हुंडी' (Hundi) प्रणाली का उपयोग बड़े व्यापारिक लेन-देन में साख पत्र के रूप में किया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 38: अभिकथन (A):** विजयनगर साम्राज्य की समृद्धि का एक मुख्य कारण उसका अंतरराष्ट्रीय व्यापार और उन्नत कृषि तकनीक थी।

**कारण (R):** विजयनगर की मुद्रा प्रणाली में सोने के सिक्कों को 'वराह' या 'पैगोडा' कहा जाता था, जो उनकी आर्थिक मजबूती का प्रतीक थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 39: कथन:** विजयनगर प्रशासन में 'अयंगार' (Ayangar) व्यवस्था ग्रामीण स्वशासन की एक स्वायत्त प्रणाली थी, जिसमें 12 अधिकारियों का समूह गाँव का प्रबंधन करता था।

**निष्कर्ष 1:** इस व्यवस्था के तहत ग्रामीण अधिकारियों के पद वंशानुगत होते थे जिन्हें वेतन के बदले कर-मुक्त भूमि दी जाती थी।

**निष्कर्ष 2:** इस व्यवस्था के कारण विजयनगर का ग्रामीण समाज पूरी तरह से केंद्र के सीधे वित्तीय नियंत्रण में आ गया था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 40:** मध्यकालीन दक्षिण भारत की आर्थिक शब्दावली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) 'शिस्त' विजयनगर साम्राज्य में लिया जाने वाला मुख्य भू-राजस्व (भूमि कर) था।

B) 'पेरुमाल' विजयनगर के उन बड़े व्यापारियों को कहा जाता था जो मसालों का निर्यात करते थे।

C) 'अमरम' सैन्य सेवा के बदले नायकों को दी जाने वाली कर-मुक्त भूमि (जागीर) थी।

D) 'पगोडा' सोने का सिक्का था जिसे पुर्तगाली यात्रियों ने विजयनगर की मुख्य मुद्रा बताया।

**प्रश्न 41:** शेरशाह सूरी के स्थानीय प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **असंगत** है?

A) शिकदार: परगना स्तर पर सैन्य व्यवस्था और शांति का प्रमुख अधिकारी।

B) मुंसिफ-ए-मुंसिफान: 'सरकार' (जिले) के स्तर पर न्याय और राजस्व की देखरेख।

C) फौतदार: ग्राम स्तर पर भू-राजस्व का लेखा-जोखा रखने वाला वंशानुगत अधिकारी।

D) कारकून: परगना स्तर पर लिपिकीय कार्यों और रिकॉर्ड को संभालने वाला लेखक।

**प्रश्न 42: सूची-I (मुगल-अफगान युद्ध)** को **सूची-II (विशेषता/परिणाम)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (मुगल-अफगान युद्ध)**

a. घाघरा का युद्ध (1529)

b. चौसा का युद्ध (1539)

wincompete

c. बिलग्राम का युद्ध (1540)

d. सरहिंद का युद्ध (1555)

**सूची-II (विशेषता/परिणाम)**

1. मुगलों का भारत में पुनः आगमन और अफगान सत्ता का पतन
2. हुमायूँ का भारत छोड़ने पर विवश होना और सूरी वंश की स्थापना
3. जल और थल दोनों पर लड़ा गया प्रथम मध्यकालीन युद्ध
4. हुमायूँ की जान एक भिश्ती द्वारा बचाई गई

कूट:

a b c d

A) 3 1 4 2

B) 2 3 1 4

C) 3 4 2 1

D) 4 2 3 1

**प्रश्न 43:** शेरशाह सूरी के राजस्व सुधारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उसने भूमि की पैमाइश हेतु 'गज-ए-सिकंदरी' और 'सन की डंडी' (जरीब) का मानक प्रयोग किया।
2. उसने किसानों को 'पट्टा' जारी किया और उनसे लगान स्वीकारोक्ति का 'कबूलियत' पत्र लिखवाया।
3. उसने राजस्व की दर को लचीला रखते हुए केवल नकद रूप में उपज का आधा भाग (50%) तय किया।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1
B) केवल 1 और 2
C) केवल 2 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 44: अभिकथन (A):** हुमायूँ का भारत से निर्वासन उसकी व्यक्तिगत सैन्य अक्षमता से अधिक शेरशाह सूरी के प्रशासनिक और कूटनीतिक कौशल का परिणाम था।

**कारण (R):** शेरशाह ने हुमायूँ को चुनार के घेरे (1532) के समय ही निर्णायक रूप से पराजित कर दिल्ली पर अधिकार कर लिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 45: सूची-I (मुगल-राजपूत संबंध)** को **सूची-II (शासक/घटना)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (मुगल-राजपूत संबंध)**

a. मुगलों से प्रथम वैवाहिक संबंध

b. 'राजपूताने का कर्ण'

c. 'फरजंद' की उपाधि

d. 30 वर्षीय राठौड़-मुगल संघर्ष

**सूची-II (शासक/घटना)**

1. राय सिंह (बीकानेर)
2. राजा मानसिंह (आमेर)
3. राजा भारमल (आमेर)
4. वीर दुर्गादास राठौड़

कूट:

a b c d

A) 3 1 4 2

B) 2 3 1 4

C) 1 4 2 3

wincompete

D) 3 1 2 4

**प्रश्न 46:** अकबर की राजपूत नीति और धार्मिक सुधारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उसने 1563 ई. में तीर्थ यात्रा कर और 1564 ई. में जजिया कर को समाप्त कर दिया।
2. उसने 1579 ई. में 'मजहर' की घोषणा की जिससे वह धार्मिक मामलों में अंतिम व्याख्याकार बन गया।
3. अकबर ने महाराणा प्रताप को समझाने हेतु मानसिंह को प्रथम दूत के रूप में भेजा था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 47: अभिकथन (A):** हल्दीघाटी का युद्ध (18 जून, 1576) एक धार्मिक युद्ध था जिसमें अकबर स्वयं सेना का नेतृत्व कर रहा था।

**कारण (R):** महाराणा प्रताप ने मुगलों की 'सुलह-ए-कुल' की नीति को ठुकरा कर स्वतंत्रता और स्वाभिमान का मार्ग चुना था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

D) दोनों कथन असत्य हैं।

**प्रश्न 48:** मुगल-मेवाड़ संबंधों के ऐतिहासिक विकास के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**निष्कर्ष 1:** 1615 ई. की मुगल-मेवाड़ संधि ने चित्तौड़ के दुर्ग की किलेबंदी और मरम्मत पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

**निष्कर्ष 2:** औरंगजेब के काल में जजिया कर का विरोध करते हुए महाराणा राजसिंह ने मुगलों के विरुद्ध सक्रिय प्रतिरोध की नीति अपनाई।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

B) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

C) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 49:** मुगलों की दक्कन नीति के कालक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **असंगत है**?

A) अकबर के समय 1601 ई. में असीरगढ़ के किले पर मुगलों का अंतिम अधिकार हुआ।

B) जहाँगीर ने 1636 ई. में बीजापुर और गोलकुंडा के साथ ऐतिहासिक संधियां संपन्न कीं।

C) शाहजहाँ के काल में 1633 ई. में अहमदनगर को पूरी तरह मुगल साम्राज्य में मिला लिया गया।

D) औरंगजेब ने 1686 ई. में बीजापुर और 1687 ई. में गोलकुंडा का पूर्ण विलय किया।

**प्रश्न 50:** मलिक अम्बर और दक्कन संघर्ष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मलिक अम्बर ने मुगलों के विरुद्ध 'बरगीगिरी' (छापामार) युद्ध पद्धति को प्रभावी बनाया।
2. उसने दक्कन में टोडरमल की पद्धति के आधार पर उन्नत भू-राजस्व व्यवस्था लागू की।
3. जहाँगीर ने उसे पूर्णतः पराजित कर दक्कन से मुगलों का मार्ग निष्कंटक कर दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 2
D) 1, 2 और 3

wincompete

**प्रश्न 51: अभिकथन (A):** औरंगजेब की दक्कन नीति को इतिहासकार वी.ए. स्मिथ ने 'दक्कन का नासूर' (Deccan Ulcer) कहा है।

**कारण (R):** दक्कन के राज्यों के पूर्ण विलय ने मराठा शक्ति के उदय हेतु वैक्यूम पैदा किया और मुगलों की वित्तीय रीढ़ तोड़ दी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 52:** शाहजहाँ की दक्कन नीति और 1636 की संधियों के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**निष्कर्ष 1:** इन संधियों ने दक्कन के राज्यों को मुगल संप्रभुता के अधीन कर वार्षिक कर देने हेतु विवश किया।

**निष्कर्ष 2:** इन संधियों के बाद औरंगजेब को दक्कन का सूबेदार नियुक्त किया गया, जिसने मराठों का दमन शुरू किया।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

C) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 53: सूची-I (अष्टप्रधान पद)** को **सूची-II (कार्य/विभाग)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (अष्टप्रधान पद)**

a. पेशवा

b. अमात्य

c. सुमंत

d. वाकयानवीस

**सूची-II (कार्य/विभाग)**

1. वित्त एवं राजस्व मंत्री
2. विदेश मंत्री और दूत प्रबंधन
3. राजा का प्रधानमंत्री एवं समन्वयकर्ता
4. राजा के दैनिक कार्यों का रिकॉर्ड रखना

कूट:

a b c d

A) 1 3 4 2

B) 3 2 1 4

C) 3 1 2 4

D) 4 1 2 3

**प्रश्न 54:** शिवाजी महाराज और मुगल संघर्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिर्जा राजा जयसिंह और शिवाजी के मध्य 22 जून, 1665 को प्रसिद्ध पुरंदर की संधि हुई।
2. संधि की शर्तों के अनुसार शिवाजी ने अपने कुल 35 किलों में से 23 किले मुगलों को सौंप दिए।
3. शिवाजी के पुत्र संभाजी को मुगल दरबार में 7000 का उच्च मनसब प्रदान किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1
B) केवल 1 और 2
C) केवल 2 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 55: अभिकथन (A):** छत्रपति शिवाजी महाराज ने 1674 ई. में रायगढ़ के दुर्ग में अपना राज्याभिषेक करवाकर 'हेंदव धर्मोद्धारक' की उपाधि धारण की।

**कारण (R):** उन्होंने मुगलों की 'मनसबदारी' व्यवस्था को अपनी प्रशासनिक व्यवस्था का मुख्य आधार बनाया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

C) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

D) दोनों कथन सत्य हैं पर व्याख्या नहीं करते।

**प्रश्न 56:** शिवाजी की राजस्व प्रणाली 'चौथ' और 'सरदेशमुखी' के संदर्भ में निम्नलिखित निष्कर्षों पर विचार कीजिये:

**निष्कर्ष 1:** 'चौथ' पड़ोसी राज्यों से उनकी कुल आय का 1/4 हिस्सा था, जो सुरक्षा और आक्रमण न करने के बदले लिया जाता था।

**निष्कर्ष 2:** 'सरदेशमुखी' केवल उन क्षेत्रों से लिया जाता था जो सीधे 'स्वराज्य' के अधीन प्रशासनिक नियंत्रण में थे।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 57:** मुगल प्रशासनिक शब्दावली और जागीरदारी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प **असंगत** है?

A) वतन जागीर: राजपूत राजाओं को उनके पैतृक राज्यों में दी जाने वाली गैर-हस्तांतरणीय जागीर।

B) मशरुत जागीर: किसी विशिष्ट पद या सैन्य सेवा की शर्त पर दी जाने वाली जागीर।

C) इनाम जागीर: धार्मिक या विद्वान व्यक्तियों को बिना किसी सेवा शर्त के दी गई भूमि।

D) तन जागीर: युद्ध में वीरता दिखाने के बदले सैनिकों को दी जाने वाली स्थाई जागीर।

**प्रश्न 58: सूची-I (प्रशासनिक शब्दावली)** को **सूची-II (अर्थ)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (प्रशासनिक शब्दावली)**

a. जमा (Jama)

b. हासिल (Hasil)

c. पायबाकी (Paibaqi)

d. खालसा (Khalsa)

**सूची-II (अर्थ)**

1. वास्तविक राजस्व जो वसूल किया जाता था
2. केंद्र के सीधे नियंत्रण वाली सरकारी भूमि
3. कागजों पर दर्ज अनुमानित राजस्व
4. वह भूमि जो जागीर आवंटन हेतु सुरक्षित रखी जाती थी

कूट:

a b c d

A) 1 3 4 2

B) 3 1 4 2

C) 3 1 2 4

D) 4 2 1 3

**प्रश्न 59:** मनसबदारी प्रणाली की तकनीकी श्रेणियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'जात' पद मनसबदार की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और उसका वेतन निर्धारित करता था।
2. 'सवार' पद यह दर्शाता था कि मनसबदार को कितने घुड़सवारों का दस्ता रखना अनिवार्य है।
3. 'दु-अस्पा सिह-अस्पा' प्रणाली शाहजहाँ ने मनसबदारों के विद्रोह को कुचलने हेतु शुरू की थी।

wincompete

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) केवल 1

**प्रश्न 60: अभिकथन (A):** औरंगजेब के काल में 'जागीरदारी संकट' उत्पन्न हुआ जिससे 'बे-जागीरी' की स्थिति पैदा हो गई।

**कारण (R):** औरंगजेब ने जागीरदारों को स्थाई रूप से एक ही स्थान पर बसने की अनुमति देकर केंद्रीय नियंत्रण समाप्त कर दिया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

C) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

D) दोनों कथन असत्य हैं।

**प्रश्न 61:** इंडो-इस्लामिक वास्तुकला की तकनीकी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'वास्तविक मेहराब' (True Arch) की तकनीक में मेहराब के मध्य में एक 'कुंज पत्थर' (Keystone) लगाया जाता था जो भार को पार्श्व दीवारों पर स्थानांतरित करता था।
2. भारत में 'वास्तविक मेहराब' का पहला सफल और पूर्ण वैज्ञानिक उदाहरण हुमायूँ का मकबरा माना जाता है।
3. 'कोणीय मेहराब' (Squinch Arch) पद्धति का प्रयोग वर्गाकार आधार पर गोल गुंबद बनाने के लिए किया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 62: अभिकथन (A):** शाहजहाँ द्वारा निर्मित ताजमहल को इंडो-इस्लामिक स्थापत्य कला का चरमोत्कर्ष माना जाता है।

**कारण (R):** भारत में 'पिएत्रा-ड्यूरा' (Pietra Dura) तकनीक का सर्वप्रथम और व्यवस्थित प्रयोग ताजमहल की दीवारों पर ही किया गया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही** उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 63: कथन:** लोदी काल और प्रारंभिक मुगल काल में 'दोहरा गुंबद' (Double Dome) तकनीक का प्रयोग व्यापक रूप से किया गया।

**निष्कर्ष 1:** इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य इमारत को बाहरी रूप से अधिक विशाल और भव्य दिखाना था।

**निष्कर्ष 2:** दोहरे गुंबद के कारण इमारत के भीतर का तापमान बाहर की तुलना में अधिक बना रहता था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 64:** सूची-I (वास्तुकला शब्दावली) को सूची-II (विशेषता) से सुमेलित कीजिये:

सूची-I

a. अरबस्क (Arabesque)

b. चारबाग

wincompete

c. जाली कार्य

d. छतरी

सूची-II

1. सूक्ष्म पत्थर की नक्काशी (सीदी सैयद मस्जिद)
2. निरंतर मुड़ने वाली ज्यामितीय बेल-बूटे
3. गुंबद के साथ छोटी स्तंभयुक्त संरचना
4. जल प्रवाह आधारित उद्यानों का ज्यामितीय विभाजन

कूट:

a b c d

A) 3 4 1 2

B) 4 2 3 1

C) 2 1 4 3

D) 2 4 1 3

**प्रश्न 65:** अकबरकालीन चित्रकला और 'तस्वीर खाना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अकबर ने फतेहपुर सीकरी में एक राजकीय चित्रशाला स्थापित की, जहाँ हिंदू और मुस्लिम चित्रकार एक साथ कार्य करते थे।
2. 'हम्जनामा' मुगल शैली का पहला महत्वपूर्ण ग्रंथ था जिसे सूती कपड़े पर चित्रित किया गया था।
3. दसवंत, जो एक कहार का पुत्र था, 'रज्मनामा' (महाभारत) का मुख्य चित्रकार था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 66: अभिकथन (A):** जहाँगीर के शासनकाल को मुगल चित्रकला का 'स्वर्ण युग' कहा जाता है।

**कारण (R):** जहाँगीर ने चित्रकला को पुस्तकों के चित्रण (Manuscript) से मुक्त कर स्वतंत्र चित्रों और प्रकृति चित्रण की ओर मोड़ा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर **सही उत्तर** चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 67:** मुगल कालीन चित्रकारों और उनकी विशेषज्ञता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत** है?

A) बिहजाद: औरंगजेब के काल का सर्वश्रेष्ठ दरबारी चित्रकार उस्ताद

B) अबुल हसन: मानवीय आकृतियों और व्यक्ति चित्रों (Portraits) का विशेषज्ञ

C) बसावन: आकृतियों के चित्रण और पृष्ठभूमि (Background) बनाने में निपुण

D) मंसूर: दुर्लभ पशु-पक्षियों और फूलों का चित्रण (नादिर-उल-असर)

**प्रश्न 68: कथन:** औरंगजेब ने धार्मिक आधार पर चित्रकला को दिया जाने वाला राजकीय संरक्षण समाप्त कर दिया था।

**निष्कर्ष 1:** इसके परिणाम स्वरूप मुगल चित्रकला का पूर्णतः विनाश हो गया और भारतीय कला का ह्रास हुआ।

**निष्कर्ष 2:** इस नीति ने मुगल कलाकारों को क्षेत्रीय राज्यों की ओर पलायन करने पर मजबूर किया, जिससे राजस्थानी और पहाड़ी शैलियों का विकास हुआ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

wincompete

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 69:** अमीर खुसरो और मध्यकालीन संगीत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खुसरो ने भारतीय और फारसी संगीत का मेल कर कव्वाली, तराना और खयाल जैसी शैलियों के बीज बोए।
2. उन्होंने वीणा को संशोधित कर 'सितार' और मृदंग को दो भागों में बाँटकर 'तबला' का स्वरूप दिया।
3. अमीर खुसरो को 'पूर्व का राफेल' कहा जाता है क्योंकि उन्होंने संगीत को चित्रकला से जोड़ा था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 70: अभिकथन (A):** अकबर ने ग्वालियर के संगीतज्ञ तानसेन को 'कण्ठाभरणवाणीविलास' की उपाधि प्रदान की थी।

**कारण (R):** तानसेन ने प्राचीन 'ध्रुपद' गायकी को संशोधित कर दरबारी संगीत के अनुकूल परिष्कृत किया था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 71: सूची-I (संगीत विधा)** को **सूची-II (शासक/संरक्षक)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (संगीत विधा)**

a. ध्रुपद गायकी का उत्थान

b. खयाल गायकी को लोकप्रियता

c. 'मानकौतूहल' ग्रंथ

d. गुण समन्दर की उपाधि

**सूची-II (शासक/संरक्षक)**

1. राजा मानसिंह तोमर
2. सुल्तान हुसैन शाह शर्की
3. ग्वालियर घराना
4. सम्राट शाहजहाँ (लाल खान हेतु)

कूट:

a b c d

A) 3 2 1 4

B) 2 3 4 1

C) 3 1 2 4

D) 1 4 3 2

**प्रश्न 72:** औरंगजेब और संगीत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत है**?

A) औरंगजेब ने दरबार से संगीतज्ञों को हटा दिया था, जिसके विरोध में उन्होंने 'संगीत की अर्थी' निकाली थी।

B) औरंगजेब स्वयं संगीत का कट्टर विरोधी था और उसे वीणा जैसे वाद्यों से सख्त नफरत थी।

C) मुगल काल में संगीत पर सर्वाधिक फारसी पुस्तकें औरंगजेब के शासनकाल में ही लिखी गई थीं।

D) फकीरुल्लाह का 'राग दर्पण' औरंगजेब के समय की एक महत्वपूर्ण संगीत उपलब्धि है।

**प्रश्न 73:** राजस्थानी चित्रकला शैलियों की विशिष्टताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किशनगढ़ शैली का चरमोत्कर्ष राजा सावंत सिंह के काल में हुआ, जहाँ 'बणी-ठणी' को भारत की मोनालिसा कहा गया।

wincompete

2. बूंदी-कोटा शैली को 'पशु-पक्षियों की चित्रशैली' कहा जाता है, जिसमें सघन वनों का सजीव चित्रण मिलता है।
3. मेवाड़ शैली राजस्थान की सबसे प्राचीन और मौलिक शैली है जिसमें लाल और पीले रंगों की प्रधानता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 74: अभिकथन (A):** बीजापुर के 'गोल गुंबज' (Gol Gumbaz) को मध्यकालीन इंजीनियरिंग का चमत्कार माना जाता है।

**कारण (R):** इसमें एक 'फुसफुसाने वाला गैलरी' (Whispering Gallery) है जहाँ ध्वनि कई बार प्रतिध्वनित होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 75: कथन:** मुगल चित्रकला और राजस्थानी चित्रकला के बीच गहरा संरचनात्मक आदान-प्रदान हुआ।

**निष्कर्ष 1:** राजस्थानी चित्रकारों ने मुगलों से 'परिपेक्ष्य' (Perspective) और 'छाया-प्रकाश' की तकनीक सीखी।

**निष्कर्ष 2:** मुगल कलाकारों ने राजपूतों के प्रभाव से अपने चित्रों में धार्मिक आख्यानों और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता ग्रहण की।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 76:** क्षेत्रीय कला शब्दावली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत है**?

A) पिछवाई: नाथद्वारा शैली में कपड़ों पर किया गया श्रीनाथजी का चित्रण।

B) मथेरणा कला: बीकानेर के जैन चित्रकारों द्वारा की जाने वाली धार्मिक भित्ति चित्रकारी।

C) बरगीगिरी: दक्कन की चित्रकला में उपयोग होने वाला एक विशिष्ट सुनहरी रंग।

D) किताब-ए-नवरस: बीजापुर के सुल्तान इब्राहिम आदिल शाह द्वितीय द्वारा रचित संगीत ग्रंथ।

**प्रश्न 77:** मुगल उद्यान स्थापत्य (चारबाग शैली) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में पहला सुव्यवस्थित मुगल उद्यान 'आराम बाग' (आगरा) बाबर द्वारा निर्मित किया गया था।
2. हुमायूँ का मकबरा भारत का पहला ऐसा मकबरा था जो एक विशाल चारबाग के मध्य स्थित था।
3. कश्मीर के 'शालीमार' और 'निशांत' बाग शाहजहाँ ने अपने शासनकाल के अंतिम वर्षों में बनवाए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 78: अभिकथन (A):** मुगल काल में 'सराय' (Sarai) प्रशासन और अर्थव्यवस्था की धमनियां मानी जाती थीं।

**कारण (R):** सरायों का उपयोग केवल व्यापारिक माल के भंडारण के लिए किया जाता था, यात्रियों के रुकने पर पाबंदी थी।

wincompete

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 79: कथन:** शाहजहाँ ने दिल्ली के लाल किले में जल आपूर्ति हेतु 'नहर-ए-बहश्त' (Canal of Paradise) का निर्माण करवाया।

**निष्कर्ष 1:** यह नहर यमुना नदी से पानी लेकर किले के भीतर संगमरमर की नालियों के माध्यम से बहती थी।

**निष्कर्ष 2:** इस नहर का मुख्य उद्देश्य किले के भीतर 'हम्माम' (स्नानघरों) को निरंतर शीतल जल प्रदान करना था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 80:** सूची-I (सार्वजनिक निर्माण पद) को सूची-II (विवरण) से सुमेलित कीजिये:

सूची-I

a. कोस मीनार

b. बारादरी

c. आब-ए-रवां

d. रहट (Persian Wheel)

सूची-II

1. उद्यानों में प्रयुक्त बहता हुआ शुद्ध जल
2. दूरी मापन हेतु सड़क के किनारे निर्मित मीनार
3. 12 द्वारों वाली उद्यान इमारत (विश्राम हेतु)
4. गियर प्रणाली आधारित जल निकासी तकनीक

कूट:

a b c d

A) 2 3 1 4

B) 3 2 4 1

C) 2 1 3 4

D) 4 2 1 3

**प्रश्न 81:** दक्षिण भारत के भक्ति आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नयनार संतों की संख्या 63 थी, जो शिव के अनन्य भक्त थे और उनका काव्य संकलन 'तेवरम' कहलाता है।
2. अल्वार संतों की संख्या 12 थी, जिनमें 'अंडाल' एकमात्र महिला संत थीं, जिन्हें 'दक्षिण की मीरा' कहा जाता है।
3. 'नलयिरा दिव्य प्रबंधम' नयनार संतों के भजनों का एक प्रमुख संकलन है जिसे 'द्रविड़ वेद' माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य** है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 82: अभिकथन (A):** आदि शंकराचार्य ने भारत के चार कोनों में चार पीठों की स्थापना कर सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया।

**कारण (R):** उनका 'अद्वैतवाद' दर्शन मुख्य रूप से सगुण भक्ति और मूर्ति पूजा के दार्शनिक समर्थन पर आधारित था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

wincompete

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 83: कथन:** संत कबीर ने 'बीजक' के माध्यम से निराकार ईश्वर और सामाजिक समानता का संदेश प्रसारित किया।

**निष्कर्ष 1:** कबीर ने ब्राह्मणवाद और इस्लाम के बाहरी कर्मकांडों के बीच समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया।

**निष्कर्ष 2:** कबीर की शिक्षाओं ने मध्यकालीन भारत में जाति व्यवस्था की जड़ों को पूरी तरह समाप्त कर दिया था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 84: सूची-I (आचार्य)** को **सूची-II (दार्शनिक मत)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (आचार्य)**

a. रामानुजाचार्य

b. माधवाचार्य

c. निम्बार्काचार्य

d. वल्लभाचार्य

**सूची-I (आचार्य)**

1. द्वैतवाद
2. द्वैताद्वैतवाद (भेदाभेद)
3. विशिष्टाद्वैतवाद
4. शुद्धाद्वैतवाद

कूट:

a b c d

A) 1 3 4 2

B) 3 1 2 4

C) 3 2 1 4

D) 4 1 2 3

**प्रश्न 85:** सगुण भक्ति धारा के संतों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **असंगत** है?

A) मीराबाई का जन्म कुड़की (पाली) में हुआ था और उन्होंने 'माधुर्य भाव' की भक्ति को अपनाया।

B) चैतन्य महाप्रभु ने बंगाल में 'संकीर्तन आंदोलन' की शुरुआत की और उनका दर्शन 'अचिन्त्य भेदाभेद' कहलाता है।

C) सूरदास ने 'पुष्टिमार्ग' को लोकप्रिय बनाया और उन्हें 'वात्सल्य रस' का सम्राट माना जाता है।

D) गोस्वामी तुलसीदास ने अकबर के दरबार में नवरत्न के रूप में रहकर 'रामचरितमानस' की रचना की थी।

**प्रश्न 86:** रामभक्ति और कृष्णभक्ति शाखाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' की रचना शुद्ध संस्कृत भाषा में की थी ताकि उसे वेदों के समान पवित्रता प्राप्त हो सके।
2. वल्लभाचार्य द्वारा प्रवर्तित 'पुष्टिमार्ग' का मुख्य केंद्र राजस्थान के नाथद्वारा (राजसमंद) में स्थित है।
3. अष्टछाप के कवियों की स्थापना वल्लभाचार्य के पुत्र विट्ठलनाथ ने कृष्ण भक्ति के प्रचार हेतु की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

wincompete

**प्रश्न 87: अभिकथन (A):** महाराष्ट्र के भक्ति आंदोलन में 'वारकरी' संप्रदाय के संतों ने सामाजिक समानता पर बल दिया।

**कारण (R):** संत तुकाराम और समर्थ रामदास दोनों ही मुगल सम्राट औरंगजेब के आध्यात्मिक गुरु थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) दोनों कथन असत्य हैं।

**प्रश्न 88: कथन:** मध्यकालीन सूफी संतों ने 'इश्क-ए-हकीकी' (ईश्वर के प्रति प्रेम) को मोक्ष का माध्यम माना।

**निष्कर्ष 1:** सूफीवाद ने इस्लाम के कठोर शरीयत ढांचे को भारतीय जनमानस के लिए अधिक लचीला और स्वीकार्य बनाया।

**निष्कर्ष 2:** अधिकांश सूफी संतों ने राजनीति से पूर्णतः दूरी बनाकर कभी भी किसी सुल्तान का संरक्षण स्वीकार नहीं किया।

नीचे दिए गए कूट से **सही उत्तर** चुनिये:

A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।

B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।

C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।

D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 89: सूची-I (सूफी शब्दावली)** को **सूची-II (अर्थ)** से सुमेलित कीजिये:

**सूची-I (सूफी शब्दावली)**

a. खानकाह

b. मलफूजात

c. वल्लीयत

d. जियारत

**सूची-II (अर्थ)**

1. सूफी संतों के उपदेशों का संग्रह
2. संतों की दरगाहों की तीर्थयात्रा
3. सूफी संतों का निवास स्थान
4. उत्तराधिकारी नियुक्त करने की प्रक्रिया

कूट:

a b c d

A) 3 4 1 2

B) 1 3 2 4

C) 3 1 4 2

D) 2 1 4 3

**प्रश्न 90:** भारत के प्रमुख सूफी सिलसिलों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असंगत है?

A) ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती ने अजमेर को अपना केंद्र बनाया और उन्हें 'सुल्तान-उल-हिंद' कहा जाता है।

B) सुहरावर्दी सिलसिले के संत गरीबी में विश्वास रखते थे और कभी भी राजकीय पद स्वीकार नहीं करते थे।

C) दारा शिकोह 'कादिरी सिलसिले' का अनुयायी था और उसने 'मज्म-उल-बहरीन' की रचना की।

D) नक्शबंदी सिलसिले के शेख अहमद सरहिंदी ने अकबर की उदार धार्मिक नीतियों का कड़ा विरोध किया था।

**प्रश्न 91:** सूफी मत के दार्शनिक सिद्धांतों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'वहदत-उल-वजूद' (Unity of Being) का सिद्धांत इब्न-अल-अरबी द्वारा दिया गया, जो अद्वैतवाद के समान है।
2. 'वहदत-उल-शुहूद' का सिद्धांत नक्शबंदी सिलसिले द्वारा समर्थित था जो ईश्वर और मानव की भिन्नता पर बल देता है।

wincompete

3. निजामुद्दीन औलिया ने 'वहदत-उल-शुहूद' को चिश्ती सिलसिले का मुख्य आधार बनाया था।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 92: अभिकथन (A):** अमीर खुसरो को सूफी सांस्कृतिक संश्लेषण का एक महान प्रतिनिधि माना जाता है।

**कारण (R):** उन्होंने भारतीय रागों और फारसी धुनों का मिश्रण कर 'कव्वाली' गायन शैली को जन्म दिया।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 93:** मध्यकालीन सामाजिक संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मध्यकालीन समाज स्पष्ट रूप से तीन स्तरों (उच्च, मध्यम और निम्न) में विभाजित था।
2. 'बलाहार' शब्द का प्रयोग उन धनी व्यापारियों के लिए किया जाता था जो सुल्तानों को ऋण देते थे।
3. मुगल काल में मध्यम वर्ग में चिकित्सक (हकीम), लेखक और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य है/हैं?**
A) केवल 1 और 3
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 94: अभिकथन (A):** मुगल सम्राट अकबर ने अभिजात वर्ग (Nobility) को एक बहु-नस्लीय स्वरूप प्रदान किया।

**कारण (R):** वह सैन्य और प्रशासनिक पदों पर केवल तुर्क और अफगान अमीरों का वर्चस्व बनाए रखना चाहता था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 95:** मध्यकालीन स्त्रियों की स्थिति के संदर्भ में निम्नलिखित **निष्कर्षों** पर विचार कीजिये:

1. रजिया सुल्तान और नूरजहाँ जैसी महिलाओं ने सक्रिय राजनीति में भाग लेकर मध्यकालीन पितृसत्ता को चुनौती दी।
2. मध्यकाल में हिंदू और मुस्लिम दोनों समाजों में पर्दा प्रथा और बाल विवाह का प्रचलन सुरक्षात्मक कारणों से बढ़ा था।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये:
A) केवल निष्कर्ष 1 निकलता है।
B) केवल निष्कर्ष 2 निकलता है।
C) निष्कर्ष 1 और 2 दोनों निकलते हैं।
D) न तो निष्कर्ष 1 और न ही निष्कर्ष 2 निकलता है।

**प्रश्न 96:** मध्यकालीन सामाजिक एवं शहरी जीवन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **असंगत है**?

A) नखास - पशुओं के क्रय-विक्रय का बाजार

B) मदद-ए-माश - विद्वानों को दी जाने वाली कर-मुक्त भूमि

C) नगर कोटवाल - शहर की सुरक्षा और स्वच्छता का प्रमुख

wincompete

D) चौगान - ग्रामीण क्षेत्रों में खेला जाने वाला एक पारंपरिक लोक नृत्य

**प्रश्न 97:** मध्यकालीन अर्थव्यवस्था और कृषि के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असंगत है?

A) 17वीं शताब्दी में पुर्तगालियों द्वारा भारत में तंबाकू, मक्का, टमाटर और मिर्च जैसी फसलें लाई गईं।

B) मध्यकाल में सिंचाई हेतु 'रहट' (Persian Wheel) तकनीक का प्रयोग एक बड़ी क्रांति थी।

C) 'कंकूत' प्रणाली के अंतर्गत राजस्व का निर्धारण कटी हुई फसल के वास्तविक वजन के आधार पर किया जाता था।

D) 'नील' और 'गन्ना' मध्यकालीन भारत की प्रमुख नकदी फसलें (Cash Crops) थीं।

**प्रश्न 98:** मध्यकालीन व्यापारिक एवं बैंकिंग प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'हुंडी' एक प्रकार का साख पत्र या विनिमय पत्र था जिसने लंबी दूरी के व्यापारिक जोखिम को कम कर दिया।
2. 'बंजारे' उन घुमक्कड़ व्यापारियों को कहा जाता था जो अनाज और नमक का थोक परिवहन करते थे।
3. मध्यकाल में 'बीमा' (Insurance) प्रणाली का कोई अस्तित्व नहीं था, केवल हुंडी ही वित्तीय साधन थी।

उपर्युक्त कथनों में से **कौन-सा/से सत्य** है/हैं?
A) केवल 1 और 2
B) केवल 2 और 3
C) केवल 1 और 3
D) 1, 2 और 3

**प्रश्न 99: अभिकथन (A):** मध्यकालीन भारत में राजकीय 'कारखाने' विलासिता की वस्तुओं के उत्पादन के मुख्य केंद्र थे।

**कारण (R):** इन कारखानों में स्वतंत्र दस्तकार अपनी पसंद की वस्तुओं का निर्माण कर सीधे खुले बाजार में बेचते थे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।

B) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

C) A सत्य है, परन्तु R असत्य है।

D) A असत्य है, परन्तु R सत्य है।

**प्रश्न 100:** मध्यकालीन मुद्रा प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **सही सुमेलित** है?

A) टका और जीतल - इल्तुतमिश (चाँदी और ताँबा)

B) रुपया (178 ग्रेन) - अकबर (शुद्ध सोने का सिक्का)

C) मुहर - शेरशाह सूरी (ताँबे का सबसे छोटा सिक्का)

D) दाम - हुमायूँ (चाँदी की मानक मुद्रा)

wincompete